Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

कक्षा 9

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।

   ● ○ ○ ○

4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #180

HI9

BLOOM CAP
Founded by arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** भारतीय भाषाओं की उपभाषाओं को क्या कहा जाता है?
(a) वाक्य (b) भाषाएँ
(c) बोली (d) शब्द

**2.** हिन्दी और भोजपुरी किस श्रेणी में आती हैं?
(a) वाक्य (b) भाषाएँ
(c) बोलियाँ (d) पदबन्ध

**3.** निम्न में से आगत शब्द कौन-सा है?
(a) पगड़ी (b) खुरपा
(c) कैंची (d) वर्षगाँठ

**4.** निपुण शब्द का विलोम क्या है?
(a) योग्य (b) अयोग्य
(c) सनिपुण (d) विद्वान

**5.** महाप्राण ध्वनियाँ कौन-सी हैं?
(a) क्, ग्, घ् (b) ट्, ठ्, ढ्
(c) छ्, झ्, थ् (d) च्, द्, म्

**6.** निम्नलिखित वाक्य में कौन-सा वाक्य सही रूपान्तरित है?
(a) मिठाई खाई उसने। (b) उसने मिठाई खाई।
(c) खाई उसने मिठाई। (d) मिठाई उसने खाई।

**7.** 'सपनों की दुनिया' किसका उदाहरण है?
(a) वाक्य (b) अनुच्छेद
(c) वाक्यांश (d) शब्द

**8.** 'माथे पर पसीना आना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(a) धूल से माथे पर पसीना (b) गर्मी के कारण बेहोश होना
(c) चिन्ता में घबराना (d) खुशी में फूले नहीं समाना

**9.** 'लचीला' शब्द किस श्रेणी का शब्द है?
(a) सर्वनाम (b) संज्ञा
(c) क्रिया (d) क्रिया विशेषण

**10.** 'बर्फ पर्वतों पर गिर रही है।' वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) संबोधन (b) कर्म
(c) अधिकरण (d) सम्प्रदान

**11.** 'कश्चित्' का तद्भव शब्द है
(a) कुछ (b) कोई
(c) कदाचित (d) कीड़ा

**12.** तत्सम शब्द क्या है?
(a) जो संस्कृत से कुछ बदलाव करके लिए गए हों
(b) जो संस्कृत से ज्यों के त्यों लिए गए हों
(c) जो किसी भारतीय भाषा से लिए गए हों
(d) जो द्रविड़ भाषा से लिए गए हों

**13.** 'वनवास' शब्द में कौन-सा समास है?
(a) द्विगु समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) कर्मधारय समास

**14.** 'थोड़ी' विशेषण किस प्रकार का विशेषण है?
(a) संख्यावाचक विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) परिमाणवाचक विशेषण

**15.** 'फिल्माना' किस प्रकार की क्रिया है?
(a) मुख्य क्रिया (b) सामान्य क्रिया
(c) संयुक्त क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

**16.** 'बच्चा रो रहा है।' रेखांकित वाक्यांश में कौन-सी क्रिया है?
(a) मुख्य क्रिया (b) सहायक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

**17.** 'अविनाश ने गाना गाया।' इस वाक्य को अपूर्ण भूतकाल में बदलिए।
(a) अविनाश गाना गाता होगा।
(b) अविनाश ने गाना गाया होगा।
(c) अविनाश गाना गा रहा था।
(d) अविनाश ने गाना गाया है।

**18.** 'अध्यापक महोदय आते होंगे' इस वाक्य को सामान्य वर्तमान काल में बदलिए।
(a) अध्यापक महोदय आ रहे हैं।
(b) शायद अध्यापक महोदय आ रहे हैं।
(c) अध्यापक महोदय आते हैं।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित वाक्य को कर्मवाच्य में परिवर्तित करें
''कृष्ण ने किताब पढ़ी।''
(a) किताब कृष्ण ने पढ़ी।
(b) कृष्ण किताब पढ़ी।
(c) कृष्ण के द्वारा किताब पढ़ी गई।
(d) कृष्ण से किताब पढ़ी।

**20.** ''किसी कार्य को करने वाला जब वाक्य में प्रमुख हो'', तो उसे क्या कहते हैं?
(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) संज्ञावाच्य

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अव्यय है?
(a) अच्छा (b) बहुत
(c) धीरे-धीरे (d) बड़ा

**22.** 'तथा' शब्द किस प्रकार का अव्यय है?
(a) सम्बन्धबोधक (b) विशेषण
(c) समुच्चयबोधक (d) क्रियाविशेषण

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द प्रत्यय युक्त है?
(a) पुस्तक (b) विद्यालय
(c) सुन्दरता (d) चित्र

**24.** 'विद्या' + 'आलय' में कौन-सी सन्धि है?
(a) गुण सन्धि (b) यण सन्धि
(c) विसर्ग सन्धि (d) दीर्घ सन्धि

**25.** हिन्दी का पाणिनि किसे कहा जाता है?
(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) किशोरी दास वाजपेयी (d) भोलानाथ तिवारी

**26.** जायसी किस काव्य परम्परा के कवि हैं?
(a) सन्त काव्यधारा (b) सूफी काव्यधारा
(c) राम काव्यधारा (d) कृष्ण काव्यधारा

**27.** 'रामायण' में कौन-सा समास है?
(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

**28.** निम्नलिखित वाक्य में किस शब्द के बाद अल्पविराम (,) लगेगा?
हाँ तुम ठीक कहते हो।
(a) तुम (b) ठीक (c) हाँ (d) कहते

**29.** दिए गए चिह्न (!) का प्रयोग किस वाक्य में होता है?
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) विस्मयवाचक वाक्य
(c) आज्ञावाचक वाक्य
(d) कथनवाचक वाक्य

**30.** किस निबन्धकार ने भावों (क्रोध, ईर्ष्या, भय ) पर निबन्ध लिखे हैं?
(a) नामवर सिंह (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) नगेन्द्र (d) रामविलास शर्मा

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव है?
(a) देव (b) ऋषि
(c) आदमी (d) अन्न

**32.** ''मालिक ने सभी कारीगरों को पुरुस्कार दिया।'' इस वाक्य में किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) मालिक (b) कारीगरों
(c) पुरुस्कार (d) दिया

**33.** ''वह अपने घर चला गया, उसके मैं भी चली गई।'' इस वाक्य में व्याकरण की क्या अशुद्धि है?
(a) 'उसके' की जगह 'उसके बाद' होना चाहिए
(b) 'चला' की जगह 'चली' होना चाहिए
(c) 'चली' की जगह 'चला' होना चाहिए
(d) कोई अशुद्धि नहीं है

**34.** ''नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'' इस लोकोक्ति का क्या अर्थ है?
(a) चूहे मारने के बाद बिल्ली हज पर चली गई
(b) पाप करने के बाद धार्मिक बनने का ढोंग करना
(c) किसी के पास चूहे नहीं थे
(d) किसी ने हज यात्रा की योजना बनाई

**35.** 'करुण रस' का स्थायी भाव कौन-सा होता है?
(a) हर्ष (b) शोक
(c) राग (d) भय

**36.** संचारी भाव क्या होते हैं?
(a) मन में स्थिर रहने वाले भाव
(b) मन में चलते रहने वाले भाव
(c) सोए हुए भाव
(d) किसी और के मन के भाव

**37.** एकांकी की विशेषता है
(a) अनेक अंक
(b) एक अंक
(c) असीमित पात्र
(d) परम्परा

**38.** मात्रिक छन्द के कितने प्रकार होते हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

आजादी का अमृत महोत्सव उन भारतीय लोगों को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपितु जो आत्मनिर्भर भारत की जीवंतता से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0 के सपने को साकार करने की क्षमता भी रखते हैं।

आजादी का अमृत महोत्सव भारत की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान के बारे में सभी प्रगतिशील चीजों का प्रतीक है।

12 मार्च, 2021 को, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ किया। यह आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में हुआ और महोत्सव की शुरुआत उन शहरों से हुई, जो भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई के प्रमुख केंद्र थे।

इसमें साबरमती आश्रम, पंजाब में जलियाँवाला बाग, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेलुलर जेल आदि शामिल थे। 12 मार्च, 2021 को यह महोत्सव 75 सप्ताह की उल्टी गिनती के साथ प्रारंभ हुआ (जो 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में शुरू हुआ था।), जो 15 अगस्त, 2023 को समाप्त हुआ।

**39.** अमृत महोत्सव का क्या अर्थ है?
(a) आजादी के 71 वर्ष पूरे होने का पर्व
(b) आजादी के 72 वर्ष पूरे होने का पर्व
(c) आजादी के 73 वर्ष पूरे होने का पर्व
(d) आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का पर्व

**40.** प्रस्तुत गद्यांश का क्या संदेश है?
(a) भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में जानें
(b) भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में न जानें
(c) भारत के इतिहास की विस्तृत जानकारी देना
(d) उपर्युक्त सभी

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व कहानी का नहीं है
1. कथानक
2. संवाद या कथोपकथन
3. क्षेत्र
4. पात्र

**कूट**
(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) 1 और 2 (d) 2, 3 और 4

**42.** **कथन** (A) अलंकार कविता की शोभा बढ़ाते हैं और उसे अधिक आकर्षक बनाते हैं।
**कारण** (R) अलंकार का अर्थ है, शब्दों में कही भावनाओं और विचारों को प्रकट करने के लिए उनके स्वरूप को बनाए रखना।

**कूट**
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**43.** **कथन** (A) तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' हिन्दी साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण कृति है।
**कारण** (R) 'रामचरितमानस' संस्कृत भाषा में लिखी गई थी।

**कूट**
(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**44.** दिए गए कथनों में से सही कथन का चयन करें
1. सन्धि में दो शब्दों के मिलन से नए शब्द की उत्पत्ति होती है।
2. समास भी दो शब्दों के योग से एक नए शब्द का निर्माण करता है।

**कूट**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**45.** मिलान कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | अलंकार | 1. | नियोजित पद रचना |
| B. | रस | 2. | काव्य की शोभा बढ़ाने वाले |
| C. | छन्द | 3. | आनन्द कारक |
| D. | संज्ञा | 4. | व्यक्ति, स्थान, भाव |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**46.** सुमेलित कीजिए।

| | सूची I (रचनाएँ) | | सूची II (विधाएँ) |
|---|---|---|---|
| A. | 'बाणभट्ट की आत्मकथा' | 1. | कहानी |
| B. | 'कविता क्या है' | 2. | उपन्यास |
| C. | 'सत्य के प्रयोग' | 3. | आत्मकथा |
| D. | 'बड़े घर की बेटी' | 4. | निबन्ध |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**47.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | बच्चों को छोड़ेंगे<br>घर पे वही करेंगे हुड़दंग | 1. | करुण रस |
| B. | बुन्देले हरबोलों के<br>मुख हमने सुनी कहानी थी | 2. | वीर रस |
| C. | बिनु पग चलै<br>सुनै बिनु काना | 3. | हास्य रस |
| D. | रावण के शव पर<br>मन्दोदरी करुण<br>क्रन्दन करने लगी | 4. | अद्भुत रस |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 | (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**48.** निम्नलिखित शब्दों को उनके समूह से मिलाइए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | रिक्शा | 1. | अंग्रेजी |
| B. | अंग्रेज | 2. | पुर्तगाली |
| C. | गमला | 3. | फारसी |
| D. | पेपर | 4. | जापानी |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**49.** निम्न में से सही कथन का चयन कीजिए

1. अनुस्वार मूलतः पाँच व्यंजनों वर्णों का प्रतीक चिह्न है।
2. दो भाषाओं के शब्दों के मेल से बने शब्द संकर शब्द हैं।
3. एक अर्थ वाले शब्द एकार्थी शब्द होते हैं।

**कूट**

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) उपरोक्त सभी

**50.** निम्न में से कौन-से युग्म सही हैं?

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माखनचोर | तत्पुरुष समास |
| 2. | नीलगाय | कर्मधारय समास |
| 3. | दोपहर | द्विगु समास |
| 4. | माता-पिता | बहुव्रीहि समास |

**कूट**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) ये सभी

# Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना मुंशी प्रेमचन्द की नहीं है?

1. गबन 2. सेवासदन
3. कफन 4. अँधेर नगरी

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 4 (c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**2.** निम्न कथनों में से सही कथन चुनिए

1. उसने मुझे दस हजार रुपया दिया। वाक्य में क्रिया संबंधी अशुद्धि है।
2. मैंने आज खाना नहीं खाऊँगा। शुद्ध वाक्य का उदाहरण है।
3. अनुस्वार के स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करने से शब्द अशुद्ध हो जाता है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 (c) 1 और 3 (d) केवल 3

**3.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | हे प्रभो! आनंददाता ज्ञान हमको दीजिए। | 1. | रोला |
| B. | नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है। | 2. | गीतिका |
| C. | बड़ा भया तो क्या भया, जैसे पेड़ खजूर। | 3. | दोहा |
| D. | हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे? | 4. | हरिगीतिका |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**4.** **कथन** (A) जिन शब्दों का रूप नहीं बदलता वे अव्यय कहलाते हैं।

**कारण** (R) क्रिया-विशेषण, सम्बन्धबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादि बोधक, निपात अव्यय हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।
(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**5.** दिए गए कथनों में से सही व गलत कथन बताइए।

1. यमक में एक शब्द अनेक बार प्रयुक्त होता है, जबकि श्लेष में एक शब्द एक ही बार प्रयुक्त होता है।
2. उपमा में उपमेय और उपमान में समानता दिखाई देती है, जबकि रूपक में उपमेय व उपमान को एक माना जाता है।
3. मानवीकरण अलंकार शब्दालंकार का भेद है।

**कूट**

(a) कथन 1 और 2 सही हैं, परंतु 3 गलत है।
(b) कथन 1 और 3 सही हैं, परंतु 2 गलत है।
(c) कथन 3 सही है, परंतु 1 और 2 गलत हैं।
(d) कथन 2 और 3 सही हैं, परंतु 1 गलत है।